शुरू हुआ बेकरी उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण शिविर

◆ निफ्टम में एक माह के प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठा सकेंगे जरूरतमंद

जागरण संवाददाता, कुंडली : स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से देश भर में तीन केंद्रों पर बेकरी उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण शुरू किया गया है। एक माह के इस शिविर के दौरान आसपास के लोगों को बेकरी के उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वह अपना स्वरोजगार स्थापित कर सके। इनमें से एक केंद्र के रूप में सोनीपत के कुंडली स्थित निफ्टम (राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान) को भी चुना गया है। केंद्र पर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर ने किया।

हरसिमरत कौर ने इस मौके पर कहा कि महिलाओं और बच्चों में कुपोषण से लड़ने के लिए बेकरी आइटम महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। बेकरी आइटम को दूसरे देशों में भेजकर विदेशी मुद्रा भी लाई जा सकती है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए सबसे बड़ी शक्ति देश का युवा वर्ग है। देश में वर्तमान में 62 फीसद जनसंख्या की औसत आयु 27 वर्ष है। उन्होंने कहा कि इस युवा पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक उद्यम स्थापित होने चाहिए। इस अवसर पर राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि प्रतिवर्ष 1.27 करोड़ युवक कालेजों और तकनीकी संस्थानों से बाहर आ रहे हैं, जिनके लिए स्वरोजगार का रास्ता खुलना चाहिए। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जा सकता है। कुलपति डा. अजीत कुमार ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को ट्रेनिंग देकर प्रशिक्षित लोगों की उपलब्धता को पूरा किया जा सकेगा।